भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 792**
**05 दिसंबर, 2025 को उत्तर के लिए**

## ओडिशा में इस्पात क्षेत्र में संवृद्धि

**792. श्री देबाशीष सामंतराय:**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ओडिशा में इस्पात उत्पादन इकाइयों की स्थिति क्या है;

(ख) पिछले पाँच वर्षों में किए गए क्षमता विस्तार और आधुनिकीकरण का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस्पात क्षेत्र ने कितना निवेश और रोज़गार सृजित किया है;

(घ) डाउनस्ट्रीम इस्पात उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) ओडिशा से इस्पात निर्यात बढ़ाने की भविष्य की योजनाएँ क्या हैं?

**उत्तर**

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)

(क) से (ङ): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और सरकार इस्पात क्षेत्र के विकास हेतु एक अनुकूल नीतिगत वातावरण सृजित कर एक सुविधाप्रदाता के रूप में कार्य करती है। निवेश, क्षमता विस्तार, आधुनिकीकरण, रोजगार, निर्यात आदि जैसे निर्णय बाजार की स्थितियों और अलग-अलग कंपनियों के प्रौद्यो-वाणिज्यिक विश्लेषण पर निर्भर करते हैं। विगत 5 वर्षों के दौरान ओडिशा में क्रूड स्टील उत्पादन और क्रूड स्टील क्षमता का विवरण निम्नानुसार है:-

| ओडिशा में क्रूड स्टील- क्षमता और उत्पादन | | | |
|---|---|---|---|
| **वर्ष** | **ईकाइयों की संख्या** | **क्षमता (एमटी)** | **उत्पादन (एमटी)** |
| 2020-21 | 53 | 25.33 | 21.43 |
| 2021-22 | 57 | 24.59 | 23.24 |
| 2022-23 | 54 | 24.68 | 23.40 |
| 2023-24 | 59 | 29.09 | 25.74 |
| 2024-25 | 60 | 31.48 | 27.09 |
| स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); एमटी = मिलियन टन | | | |

******